प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 30 अगस्त 2024

(1) **मानानीय राज्यपाल ने आज "प्रभात खबर" द्वारा आयोजित "झारखंड गौरव सम्मान-2024" समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हस्तियों को सम्मानित किया।**

समाचार पत्र केवल खबरों का माध्यम नहीं हैं, बल्कि जनहित के मुद्दों को उजागर कर समाज में जागरूकता लाने का एक सशक्त साधन भी हैं- राज्यपाल

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज "प्रभात खबर" द्वारा आयोजित "झारखंड गौरव सम्मान-2024" समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाचार पत्र केवल खबरों का माध्यम नहीं हैं, बल्कि जनहित के मुद्दों को उजागर कर समाज में जागरूकता लाने का एक सशक्त साधन भी हैं। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे सत्य और निष्पक्षता के सिद्धांतों का पालन करते हुए अपनी विश्वसनीयता बनाए रखें और समाज को सही दिशा में प्रेरित करें।

राज्यपाल महोदय ने "प्रभात खबर" की 40 वर्षों की उत्कृष्ट पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि इस समाचार पत्र ने झारखंड की संस्कृति, संघर्ष और आत्मा को सशक्त रूप में जनमानस तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि टेलीविजन और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के बावजूद अखबारों का अपना एक विशिष्ट महत्व है।

कार्यक्रम में "झारखंड गौरव सम्मान-2024" से सम्मानित हस्तियों की सराहना करते हुए राज्यपाल महोदय ने कहा कि ये हस्तियाँ अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर न केवल राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी उत्कृष्ट निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने श्रीमती मंजू कच्छप का प्रयासों उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कार्यों की सराहना माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में भी की गई, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों को फाइव स्टार होटलों तक पहुँचाने में सफल रहे श्री रामचंद्र उरांव, युवा उद्यमी श्री रोशन हेंब्रम और श्री

रणदीप मुंडा तथा असुर समुदाय से आने वाली पहली कवियत्री श्रीमती सुषमा असुर समेत “झारखंड गौरव सम्मान-2024” से सम्मानित होने वाले अन्य हस्तियों के परिश्रम और निष्ठा सभी को यह संदेश देता है कि यदि हमारे इरादे मजबूत हों, तो हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। ये सभी न केवल अपने समाज का गौरव हैं, बल्कि समस्त राज्य के लिए प्रेरणास्त्रोत भी हैं।

समारोह को राज्यसभा के माननीय उपसभापति श्री हरिवंश, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, प्रबंध निदेशक श्री आर०के० दत्ता, "प्रभात खबर" के प्रधान संपादक श्री आशुतोष चतुर्वेदी आदि ने संबोधित किया।